तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 राखी नाला के पास अब भी पड़ा है लकड़ियों का जखीरा





12 लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है, जब महिलाओं ...





छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829


## खबर संक्षेप

### राशन दुकानों का संचालन समय बदला

**धमतरी।** जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए खाद्य विभाग ने राशन दुकानों के संचालन समय में बदलाव किया है। अब राशन दुकानें सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुली रहेंगी, ताकि उपभोक्ताओं और सेल्समैन को तेज धूप से राहत मिल सके। पिछले एक सप्ताह से जिले में तापमान 41 डिग्री तक पहुंच गया है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दोपहर में लू जैसे हालात बन रहे हैं और बुजुर्गों को राशन लेने में अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सरकार द्वारा अप्रैल, मई और जून का तीन माह का राशन एक साथ वितरण किए जाने के कारण दुकानों में भीड़ भी बढ़ गई है। सर्वर समस्या के चलते वितरण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। धमतरी जिले में कुल 2 लाख 62 हजार 52 राशन कार्डधारी हैं, जिनमें अधिकांश बीपीएल श्रेणी के हैं। अब तक 80 हजार से अधिक परिवारों को राशन नहीं मिल पाया है, जिससे चिंता की स्थिति बनी हुई है।

### जिले के 425 तालाबों को भरने का लक्ष्य, 15 मई तक चलेगी नहर

# गंगरेल बांध के पानी से भरे गए 60 तालाब, 150 में जा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल बांध के पानी से जिले के 50 गांवों के 60 तालाबों को भरा जा चुका है। 150 तालाबों में पानी जा रहा है। इसके बाद बाकी बचे 215 तालाबों को भरा जाएगा। इन तालाबों को भरने के लिए रूद्री बरॉज से 3900 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

गर्मी शुरू होते ही गांव से लेकर शहरों तक पानी संकट की स्थिति बनी हुई है। इस स्थिति से निबटने के लिए गंगरेल बांध के पानी से तालाबों को भरा जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिले के कुल 425 तालाबों को नहर के माध्यम से भरा जाना है। धमतरी जिले के अतिरिक्त रायपुर, अभनपुर, भाटापारा, बलौदाबाजार सहित अन्य क्षेत्र के तालाबों को भी नहर के माध्यम से भरा जाना है। इसके लिए 1 अप्रैल से नहर में पानी छोड़ना शुरू कर दिया गया है। नहर में पानी की मात्रा धीरे बढ़ाते हुए 3900 क्यूसेक कर दी गई है। पानी की इतनी बड़ी मात्रा छोड़े जाने से तालाबों के भरने की रफ्तार भी बढ़ गई है। अब तक जिले के 50 गांव के 60 तालाबों को भरा जा चुका है। 150 तालाबों में पानी जा रहा है। इसके बाद बाकी तालाबों को भी भरा जाएगा। तालाबों को भरने के लिए 15 मई तक पानी नहर में छोड़ा जाएगा।



#### भू-जलस्तर में सुधार की उम्मीद

गर्मी बढ़ने के साथ जिले का भू-जलस्तर तेजी से नीचे जाने लगा है। वर्तमान स्थिति में जलस्तर 1 मीटर से ज्यादा गिर गया है। नहर के माध्यम से गांवों के तालाब भरे जा रहे हैं। ये तालाब भू-जल रिचार्ज के अच्छे सोर्स है। जिससे उम्मीद की जा रही है कि भू-जलस्तर में सुधार होगा। यही नहीं निस्तारी के लिए तालाबों में पानी की सुविधा मिलने पर भू -जल का उपयोग कम होगा, इससे भी भू-जलस्तर में गिरावट की रफ्तार कम होगी।

#### ऐसे वसूलेंगे चार्ज

तालाबों में पानी भरने के लिए ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर निगम से जलकर वसूला जाएगा। जानकारी के अनुसार जिस तालाब में पानी भरा जा रहा है, उसकी लंबाई, चौड़ाई और गहराई नापी जाएगी। इसके बाद इसमें कितना पानी भरा गया है, उसकी मात्रा निकाली जाएगी, उसके हिसाब से चार्ज वसूला जाएगा। जिन तालाबों में पहले से पानी स्टोर है, वहां उपर स्टोर पानी की मात्रा का अनुमान लगाया जाएगा। इसके बाद पानी भरा जाएगा और भरे गए पानी की मात्रा का अनुमान लगाया जाएगा।

### शराब दुकान में उमड़ी भीड़, खरीदारी के लिए जद्दोजहद

**धमतरी।** शहर के बस्तर रोड स्थित एक शराब दुकान में मंगलवार को भारी भीड़ देखने को मिली। शराब की कम आपूर्ति और कथित कालाबाजारी के चलते हालात ऐसे बन गए कि लोगों को खरीदारी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। भीषण गर्मी के बावजूद मदिराप्रेमियों की लंबी कतार लगी रही और कई लोग धक्का-मुक्की करते हुए खिड़की तक पहुंचने की कोशिश करते नजर आए। स्थिति इतनी अव्यवस्थित हो गई कि लोग एक-दूसरे के ऊपर चढ़कर शराब लेने का प्रयास करते दिखे। इस पूरे घटनाक्रम का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि किस तरह लोग शराब खरीदने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। शराब मिलने पर कुछ लोग इसे बड़ी उपलब्धि की तरह देख रहे थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि सप्लाई में कमी और कालाबाजारी के कारण ऐसी स्थिति बन रही है, जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रशासन से व्यवस्था सुधारने और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

**ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 9 मई से : धमतरी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ष भी 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 9 मई से 8 जून तक जिला मुख्यालय में किया जा रहा है।

### मामला अतिक्रमण का : प्रभावित लोगों ने सरपंच के खिलाफ खोला मोर्चा

# मुरा सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुरूद ब्लाक के ग्राम पंचायत मुरा में एक अनोखा घटनाक्रम सामने आया है। गांव में सरपंच सहित अन्य लोगों ने अतिक्रमण किया था। सरपंच के अतिक्रमण को छोड़कर 9 लोगों का अवैध कब्जा हटाया गया। अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से बिफरे प्रभावित लोगों ने सरपंच के खिलाफ धारा 40 के तहत कार्रवाई कर पदमुक्त करने का आवेदन कलेक्टर को सौंपा है।

ग्राम मुरा के ग्रामीण खुमनलाल साहू, रामचंद्र, देवांगन, महावीर, चंद्रहास ने बताया कि कुछ साल पहले ग्राम विकास समिति ने आबादी जमीन का पट्टा देने के नाम पर 50 हजार रुपये लिया था। जरुरतमंद लोगों ने पैसे देकर जमीन पर कब्जा किया जिसमें वर्तमान सरपंच भी शामिल था। आबादी जमीन के लिए पट्टा का वितरण तो नहीं हुआ लेकिन वर्तमान सरपंच ने अपना अतिक्रमण बचाकर दूसरों के अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई कर दी। पीड़ित लोगों ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि ग्राम मुरा की शासकीय भूमि खसरा नंबर 850 एवं 852 के रकबा दो डिसमिल में अवैध रूप से मकान निर्माण कराया गया है। अवैध अतिक्रमण करने के मामले में सरपंच को पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है। सन 2018-19 में सरपंच ने न्यायालय नायब तहसीलदार कुरूद में शपथपूर्वक अतिक्रमण करना स्वीकार किया है। पंचायतराज अधिनियम के तहत सरपंच अवैध अतिक्रमण नहीं कर सकता। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि अवैध अतिक्रमण करने वाले सरपंच को धारा 40 के तहत पदमुक्त किया जाए।






गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय :
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)
Resume करें - 9977374898

VIDHYA KUNJ SCHOOL, LOHARSI
CBSE AFFILIATION NO. 3330152
91111437555
OUR TOP PERFORMERS OF CLASS 10th 2025-26
DISTRICT TOPPER






Mrs. Suman Tiwari
President

On behalf of the school, I applaud all our students for their efforts and success.
Wishing you all a bright future ahead. Keep shining!

90% Above 17 Students | 80 % to 90 % 27 Students | 70 % to 80 % 46 Students

## खबर संक्षेप

### पट्टे पर दिए जाएंगे नगरी और करैहा जलाशय

**धमतरी।** जिले के सिंचाई जलाशयों में मछलीपालन हेतु शासकीय नियम एवं शर्तों के तहत 10 साल के लिए पट्टा पर दिया जाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी ने बताया कि नगरी जलाशय 12.9 हेक्टेयर और करैहा जलाशय 13 हेक्टेयर जलाशय के लिए आवेदन 10 जून तक आमंत्रित किए गए हैं।

### शांति घाट में लकड़ी ढुलाई के लिए रिक्शा सेवा, अंतिम संस्कार में मिल रही राहत

**धमतरी।** शांति घाट में अंतिम संस्कार के दौरान लकड़ी ढोने की समस्या से जूझ रहे लोगों को अब बड़ी राहत मिल रही है। यहां शुरू की गई मालवाहक रिक्शा सेवा जरूरतमंद परिवारों के लिए सहारा बन गई है। पहले अंतिम संस्कार स्थल तक लकड़ी पहुंचाना कठिन कार्य होता था, खासकर तब जब परिजन कम संख्या में हों या मौसम खराब हो। इस समस्या का अहसास नगर निगम के एक कर्मचारी के अंतिम संस्कार के दौरान तत्कालीन पार्षद विजय मोटवानी और राजेंद्र शर्मा को हुआ। उस समय लगातार बारिश और संसाधनों की कमी के कारण लकड़ी को शेड तक ले जाना बेहद कठिन हो गया था। इस स्थिति ने दोनों को गहराई से प्रभावित किया और उन्होंने स्थायी समाधान का संकल्प लिया। अगले ही दिन शांति घाट में मालवाहक रिक्शा की व्यवस्था कर दी गई। वार्ड पार्षद अज्जू देशलहरे ने भी जिम्मेदारी लेते हुए रिक्शा के संचालन और देखरेख का दायित्व संभाला। तब से यह सेवा लगातार जारी है और सैकड़ों परिवारों को अंतिम संस्कार के समय सहायता प्रदान कर रही है।

# बासीन में जल जीवन मिशन का कार्य अधूरा, पाइपलाइन में लीकेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम बासीन में जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी एवं पाइपलाइन विस्तार कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गेट भी लगाया गया है। कालम भी टेढ़े-मेढ़े दिखाई दे रहे हैं । पम्प कमरा के निर्माण में भी गुणवत्ता को ताक पर रखा गया है। कालम का सरिया पूरी तरह दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पाइपलाइन बिछाने का कार्य तो किया गया है, लेकिन अधिकांश स्थानों पर पाइपलाइन में लीकेज की समस्या बनी हुई है। कई जगह पाइप फूट चुके हैं और जोड़ भी अधूरे व असंतोषजनक तरीके से किए गए हैं। निर्माणाधीन पानी टंकी में भी लीकेज होने की बात सामने आई है, जिससे पूरे प्रोजेक्ट की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर उठाए सवाल




### मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया गया है। निम्न गुणवत्ता के पाइप और अन्य सामग्रियों के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है, जिससे योजना का उद्देश्य अधूरा रह गया है। पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा के लिए ग्रामीणों को अब भी जूझना पड़ रहा है।

ग्राम पटेल लक्ष्मी नारायण मरकाम, रविन्द्र मरकाम, विष्णुशरण मरकाम, नरेंद्र ध्रुव, राजेश कुमार नागेश ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि अधूरे निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए तथा संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलनको बाध्य होंगे।

तहसीलदार की टीम ने की कार्रवाई, रेत माफियाओं में मचा हड़कंप

# सीतानदी से रेत का अवैध परिवहन दो दिन में 7 वाहन किए गए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी-बेलर तहसील क्षेत्र में लंबे समय से जारी अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार की टीम ने महज दो दिनों के भीतर कार्रवाई कर 7 वाहनों को अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और रेत माफियाओं में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलर क्षेत्र में सुबह और शाम के समय सीतानदी से अवैध रूप से रेत उत्खनन कर ट्रैक्टरों के माध्यम से परिवहन किए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। विशेष रूप से पुल के नीचे से रेत निकालने की गतिविधियां लंबे समय से जारी थीं। प्रशासन की चेतावनी के बावजूद ट्रैक्टर चालक अवैध उत्खनन से बाज नहीं आ रहे थे।

इसी कड़ी में तहसीलदार की टीम ने छापमार कार्रवाई की। रेत से भरे ट्रैक्टर को जब्त किया गया। सभी जब्त वाहनों को संबंधित थाना सिहावा की सुपुर्दगी में रखा गया है। तहसीलदार ने स्पष्ट किया है कि सीतानदी में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।




प्रशासन ने चेतावनी दी है कि इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों और समूहों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार अखिलेश लहरे, पटवारी जनक बिहारी, संजय साहू, कोटवार वकीलदास मौजूद थे।

## अंचल की खबरें

### सेनचुआ में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम सेनचुआ में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। ग्रामीण टोकेश्वर नेताम ने बताया कि बढ़ते तापमान को ध्यान रखते हुए हमें पौधरोपण करना होगा। इस संदेश के साथ सोशल मीडिया पर भी खूब प्रचार-प्रसार किया, साथ ही उनके चाहने वालों ने अपने स्टेटस पर उनके बनाये हुए बैनर लगाकर समर्थन भी किया। श्री नेताम पिछले 10 वर्ष से लगातार अपने घर पर पौधे की नर्सरी करते हैं और लोगों को पृथ्वी की हरियाली बरकरार रखने का निवेदन भी करते हैं। उन्होंने लोगों को पृथ्वी के प्रति अपने दायित्व को समझने का आग्रह किया।

### पृथ्वी दिवस पर युवाओं ने किया पौधरोपण



**कुरूद।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर ग्राम सेमरा (डी) में पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक संदेश देखने को मिला। गांव के युवा उमेश साहू और विनायक मांडवी ने बेल के पौधे रोपकर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। युवाओं ने कहा कि पौधरोपण से ही पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सकता है और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सकता है। उनका यह प्रयास गांव में जागरूकता का संदेश दे रहा है।

### मंडप सजाकर रचाया पुतरा-पुतरी का विवाह



**जीजामगांव।** ग्राम मुरा वार्ड के क्रमांक 7 में बच्चों द्वारा अक्षय तृतीया पर्व मनाया गया। इस दिन बच्चों के द्वारा पुतरा पुतरी का विवाह धूमधाम से करते हैं। बच्चों ने मंडप सजाकर पुतरी पुतरी का विवाी रचाया। विवाह पारंपरिक परंपरा के अनुसार चुलमाटी, तेल मयन एवं बारात से हुई। इसमें बच्चों के साथ बड़े बुजुर्गों ने भी खुशियां बांटी। इस अवसर पर अवंतिका, आभा, क्षमा, दीपा, लीलिमा, हनी, चित्रा, चार्वी, पलक, गौरी, खुशी, आयुष, आर्यन, हर्षित, समर, लल्ला, चंद्रकुमार समेत मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

### बेलरगांव में मनाई दानवीर भामाशाह जयंती



**नगरी।** ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव द्वारा साहू सदन बेलरगांव में दानवीर भामाशाह जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम मां कर्मा माता मंदिर में पूजा-आरती की गई। दानवीर भामाशाह के छाया चित्र की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मंच पर खेमू साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव ,आदेश्वर साहू उपाध्यक्ष ग्रामीण साहू बेलरगांव सनातन साहू संरक्षक, प्रदीप साहू कोषाध्यक्ष, सुभाष चंद साहू संगठन सचिव जिला साहू संघ, टिकेश्वर साहू उपाध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ, लीलाम्बर साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलरगांव ,डोमार सिंह साहू पूर्व उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी सिहावा, पवन कुमार साहू अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ परिक्षेत्र, उमेश साहू अध्यक्ष संचालक मंडल बेलरगांव, यतेन्द्र साहू सचिव संचालक मंडल बेलरगांव, बंशीलाल साहू परिक्षेतिय सदस्य ,रामू साहू पूर्व महासभा सदस्य थे। इस अवसर पर डोमार सिंह साहू एवं सुभाष चंद साहू ने कहा कि भामाशाह तैलिक वंश के थे। उन्होंने देश व समाज के लिए अपना सब कुछ समर्पण कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

# कुरुद में 3.07 करोड़ की लागत से बनेगा रंगमंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

■ विधायक अजय चंद्राकर की पहल रंग लाई

नगर पंचायत कुरुद को सांस्कृतिक अधोसंरचना के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के विशेष प्रयास से नगरीय प्रशासन विभाग ने बाईपास रोड स्थित जे.डी. कॉलोनी के समीप 3.07 करोड़ की लागत से सर्वसुविधायुक्त रंगमंच एवं बाउंड्रीवॉल निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस परियोजना के धरातल पर उतरने से नगर में बड़े स्तर के आयोजनों के लिए लंबे समय से चली आ रही एक सुव्यवस्थित मंच की कमी दूर होगी।

परियोजना के क्रियान्वयन हेतु तकनीकी एवं निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। निविदा समिति की अनुशंसा पर मेसर्स श्री श्याम कंस्ट्रक्शन, भिलाई को कार्य आदेश जारी किया गया है। कुल लागत में से लगभग 2.87 करोड़ मुख्य निर्माण कार्यों पर तथा 20 लाख नॉन एस.ओ.आर. मद में व्यय किए जाएंगे। शासन द्वारा 2.90 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि शेष अंतर की राशि नगर पालिका परिषद अपने स्वयं के कोष से वहन करेगी।



### स्थानीय कलाकारों को मिलेगा बड़ा मंच



विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि कुरुद के सांस्कृतिक गौरव को निखारने के लिए एक आधुनिक रंगमंच की नितांत आवश्यकता थी। यहां न केवल स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों की मेजबानी भी संभव हो सकेगी। उन्होंने प्रशासन को कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।

### यह रंगमंच नगर की पहचान बनेगा : ज्योति



नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने इस सौगात के लिए विधायक के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय नेतृत्वकर्ता विधायक श्री चंद्राकर के नेतृत्व में कुरुद विकास का नया आयाम स्थापित कर रहा है। यह रंगमंच नगर की पहचान बनेगा और जनसुविधाओं में विस्तार करेगा। इस घोषणा के बाद से स्थानीय नागरिकों और कला प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। प्रशासन जल्द ही भूमिपूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने की तैयारी में है।

# सुखसागर वृद्धजन सदन के लिए भूमिपूजन 24 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के युवा समाजसेवी रितुराज पवार द्वारा सुखसागर वृद्धजन सदन की स्थापना की जा रही है, जिसका उद्देश्य बेसहारा, बेघर और असहाय वृद्धजनों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करना है। इस पहल के तहत बुजुर्गों को रहने, भोजन, स्वास्थ्य और देखभाल जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह परियोजना उनके सेवा भाव और सामाजिक जिम्मेदारी का एक और महत्वपूर्ण उदाहरण है। इसका भूमिपूजन 24 अप्रैल को प्रातः 10 बजे आचार्य आकाशजी महाराज के सानिध्य में छत्रपति शिवाजी महाराज मंगल भवन के सामने होगा। ज्ञात हो कि रितुराज आज सेवा और समर्पण के पर्याय के रूप में पहचाने जा रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यों के माध्यम से यह साबित किया है कि सच्ची सेवा वही है, जो बिना किसी स्वार्थ के जरूरतमंदों तक पहुंचे। रितुराज पवार द्वारा संचालित फाउंडेशन लगातार समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है।



# केवि के विद्यार्थियों ने 10वीं बोर्ड में लहराया परचम, रुद्रांश बना टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरुद के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का सशक्त उदाहरण है। विद्यालय में रुद्रांश साहू ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने संस्कृत और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में 100-100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। द्वितीय स्थान पर धनश्री साहू रहीं, जिन्होंने 96.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए और एक विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। तृतीय स्थान हेमांशु धीवर ने 92.4 प्रतिशत तथा चतुर्थ स्थान वेदांत साहू ने 90.8 प्रतिशत अंक के साथ प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों, अभिभावकों और नियमित अध्ययन को दिया।



प्राचार्या श्रीमती ग्लोरिया मिंज ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता में विद्यालय के शिक्षकों नेमसिंह साहू, गणेश राम कावड़े, डेहरराम साहू, मनोज कुमार केसरिया, ऋचा त्रिपाठी, नलिनी श्रीवास और मुकुल अवस्थी का विशेष योगदान रहा।छात्रों की इस उपलब्धि से अभिभावकों में भी खुशी की लहर है। कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

# महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने किया प्रेरित

■ अरौद के आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया पोषण पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम अरौद(ली) आंगनबाड़ी केंद्र 1 में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव थीं।

जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने कहा कि कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक परिवार को जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों के लिए संतुलित आहार के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सही पोषण से ही स्वस्थ और सशक्त भविष्य का निर्माण संभव है।



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पोषण आहार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही स्थानीय उपलब्ध खाद्य सामग्री से पौष्टिक भोजन बनाने के तरीके भी बताए गए। महिलाओं को एनीमिया, कुपोषण एवं टीकाकरण के प्रति जागरूक किया गया तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर टिकेश्वरी साहू सरपंच ,निशा ध्रुव सीएचओ, अजय गोस्वामी शासकीय औषधालय, युगलकिशोरी निषाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, तारामती यादव , रामबाई ध्रुव मितानिन समेत ग्राम की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

## कार्यपालन अभियंता ने जोगीडीह एवं गाड़ाघाट में निर्माणाधीन नहर का किया निरीक्षण

# फुटहामुड़ा नहर परियोजना से क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था होगी सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में जिले में संचालित फुटहामुड़ा नहर परियोजना के कार्यों को गति देने तथा कृषकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कार्यपालन अभियंता जल संसाधन हेमलाल कुरेशिया ने मंगलवार को ग्राम जोगीडीह एवं गाड़ाघाट में निर्माणाधीन नहर का स्थलीय निरीक्षण किया तथा वहां के कृषकों के साथ संवाद स्थापित किया।

निरीक्षण के दौरान कृषकों द्वारा सिंचाई व्यवस्था, भूमि अर्जन (भू-अर्जन) एवं निर्माण कार्य से संबंधित विभिन्न समस्याओं को विस्तार से रखा गया। कार्यपालन अभियंता ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं व्यवहारिक समाधान के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने बताया कि परियोजना अंतर्गत प्रभावित क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तकनीकी उपाय किए जा रहे हैं। ग्राम जोगीडीह के कृषकों द्वारा अतिरिक्त सिंचाई सुविधा की मांग पर कार्यपालन अभियंता ने सर्वे कराकर निर्माणाधीन फुटहामुड़ा नहर में लिफ्ट एरिगेशन प्रणाली के माध्यम से ग्राम फुटहामुड़ा तक सिंचाई पहुंचाने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने की बात कही। इससे क्षेत्र के किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलने की संभावना प्रबल होगी।



उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा सोमवार को परियोजना से प्रभावित ग्रामों के कृषकों की बैठक लेकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, समयसीमा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा कृषकों के हितों का विशेष ध्यान रखा जाए। फुटहामुड़ा नहर परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी, जिससे कृषकों की आय में वृद्धि के साथ ही कृषि उत्पादन को भी नई दिशा मिलेगी।

### उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 26 अप्रैल को छग राज्य कृषि विपणन (मंडी) अंतर्गत उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी ने बताया कि धमतरी जिले के 41 केन्द्रों में सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक यह परीक्षा आोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थियों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित होगा। अभ्यर्थियों को व्यापम द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों में समय पर पहुंचने कहा गया है।

# नगर पंचायत करेली बड़ी में पौधों की सिंचाई के लिए सड़क की खुदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

विकास की दौड़ में करोड़ों की लागत से सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इधर नगर पंचायत समेत आसपास गांवों में डामरीकरण सड़क को तोड़कर पाइपलाइन सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। करोड़ों की लागत से बनी सड़क को क्षतिग्रस्त करने से उनकी खूबसूरती बिगड़ रही है। बरसात के समय सड़क के और खराब होने की संभावना है।

नगर पंचायत करेली बड़ी में नवीन गार्डन (पार्क) के सौंदर्यीकरण और पौधों को बचाने के नाम पर मुख्य डामरीकरण सड़क को खोदकर कटिंग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत अंतर्गत बन रहे नवीन गार्डन में लगे पौधों की सिंचाई के लिए वर्तमान में बोर खनन की सुविधा उपलब्ध है, किंतु पानी का दबाव कम होने के कारण पौधों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा था। पौधों को सूखने से बचाने के लिए पास के तालाब से पानी लाने की योजना बनाई गई है।

इस प्रक्रिया में पाइपलाइन बिछाने के लिए डामरीकरण सड़क के बीचों-बीच खुदाई कर दी गई। सड़क को काटकर पाइपलाइन डाली गई है, जिससे न केवल सड़क की मजबूती प्रभावित हुई है, बल्कि बरसात के मौसम में सड़क की हालत खराब हो सकती हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पौधों को पानी देना आवश्यक है, लेकिन इसके लिए सरकारी संपत्ति (सड़क) को नुकसान पहुंचाना तर्कसंगत नहीं है। गार्डन में काम में लगे एक कर्मचारी ने बताया कि गार्डन में पौधों के लिए पानी की आवश्यकता थी। ऐसे में तालाब से पानी लाने नगरवासियों से बातकर योजना बनाई गई। सड़क की खुदाई को लेकर कोई परमिशन भी नहीं ली गई है। उन्होंने कहा कि बाद में सड़क की मरम्मत की जाएगी।

## नवीन गार्डन में पानी पहुंचाने बिछाई जा रही पाइपलाइन

### भविष्य में हो सकता है खतरा

सड़क पर की गई इस खुदाई और फिर खानापूर्ति के लिए डाली गई मिट्टी आने वाले समय में बड़े गड्ढे का रूप ले सकती है, जिससे दुर्घटनाएं होने की संभावना है। हसदा, खिसोरा और भेंडरी, धौराभाठा सड़क मार्ग में भी ऐसी सड़क को तोड़ने के बाद सीमेंटीकरण कर उसकी खानापूर्ति कर दी गई है। इससे सड़क की खूबसूरती कम हो गई है। लोगों को सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा के प्रति जागरूक होना चाहिए।



## खबर संक्षेप

### माध्यमिक शालाओं में करवाई जा रही विशेष कोचिंग



**बस्तर।** राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी हेतु बस्तर ब्लॉक की सभी माध्यमिक शालाओं में कक्षा 8वीं के छात्रों की विशेष कोचिंग करवाई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक छात्र परीक्षा में भाग लेकर सफलता प्राप्त कर सकें। चोकर संकुल के अंतर्गत घाट कवाली में प्रशिक्षण के दौरान बच्चों में उत्साह का माहौल देखा गया। छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शिक्षकों द्वारा दिए जा रहे मार्गदर्शन को गंभीरता से समझा। उक्त जानकारी सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील कुमार तिवारी द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि एनएमएस परीक्षा के माध्यम से मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसी उद्देश्य से ब्लॉक स्तर पर मानसिक योग्यता परीक्षण और शैक्षिक योग्यता परीक्षण की तैयारी कराई जा रही है।

### ढाबों और किराना दुकान का औचक निरीक्षण



**बीजापुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले के किराना दुकान व ढाबे का औचक निरीक्षण किया गया। अभिहीत अधिकारी डीके देवांगन के मार्गदर्शन में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंकित गुप्ता द्वारा शहर के बबलू किराना एवं जनरल स्टोर तथा बिट्टू ढाबा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बबलू किराना से सत्तू का नमूना लेकर जांच हेतु लिया गया। इसी तरह बिट्टू ढाबा के निरीक्षण के दौरान ढाबे के रसोई में अस्वच्छता और अव्यवस्था पाई गई। जिस पर ढाबा संचालक को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई और पाई गई कमियों का रिपोर्ट तैयार किया गया जिसके आधार पर ढाबा संचालक को नोटिस भेजा गया है। नोटिस का पालन नहीं किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के तहत आगे की कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो कि पिछले सप्ताह भैरमगढ़ में मेसर्स चंदन इन्टरप्राइजेस से फरसान आटा और बालूशाही का नमूना लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया था। साथ ही संबंधित के विरूद्ध मिथ्याछाप खाद्य सामाग्री विक्रय करने की कार्यवाही भी की गई थी।

### पंचायती राज दिवस पर विशेष ग्राम सभा 24 को

**बीजापुर।** लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण को मजबूत करने के उद्देश्य से हर वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत में स्थानीय स्वशासन की संवैधानिक शुरूआत का प्रतीक है। जब वर्ष 1993 में 73वें संविधान संशोसन के माध्यम से पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा मिला।

हरिभूमि फॉलोअप : वृक्ष कटाई का अवैध मामला

# राखी नाला के पास अब भी पड़ा है लकड़ियों का जखीरा

## आदेश के बाद भी कार्रवाई ठप, क्या रिपोर्ट का इंतजार या लीपापोती की तैयारी ?



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कन्हारपुरी-कोसमर्रा मार्ग पर सैकड़ों पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में प्रशासनिक सख्ती फिलहाल कागजों तक ही सीमित नजर आ रही है। हरिभूमि की खबर के बाद कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम नभसिंह कोसले ने जांच के आदेश तो दे दिए, लेकिन जमीनी स्तर पर अब भी हालात जस के तस बने हुए हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि राखी नाला के पास डंप लकड़ियों का बड़ा जखीरा आज भी बिना जब्ती के पड़ा हुआ है, जो प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह देरी जानबूझकर की जा रही है ताकि सबूत धीरे-धीरे गायब हो जाए। सूत्रों के अनुसार लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से मांगी गई विस्तृत रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। यही रिपोर्ट अब पूरे मामले में कार्रवाई का आधार मानी जा रही है। सवाल यह उठता है कि जब मौके पर अवैध कटाई साफ दिखाई दे रही है, तो क्या कार्रवाई के लिए सिर्फ रिपोर्ट का इंतजार जरूरी है ?

### जब्ती पर विभागों की खींचतान

वन और राजस्व विभाग के बीच जिम्मेदारी तय नहीं हो पाने से कार्रवाई लटकती नजर आ रही है। डिप्टी रेंजर जहां सीमित जब्ती की बात करते हैं, वहीं मुख्य डंप से दूरी बनाकर इसे राजस्व विभाग का मामला बता रहे हैं। इससे साफ है कि जिम्मेदारी तय करने के बजाय जिम्मेदारी टालने का खेल चल रहा है। जब तक लकड़ियां मौके पर पड़ी हैं, तब तक उनके गायब होने या खपाए जाने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या प्रशासन अनजाने में या जानबूझकर माफिया को समय दे रहा है ?

### क्या कहते हैं अधिकारी

**एसडीएम नभसिंह कोसले** : पीडब्ल्यूडी से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। राजस्व और वन विभाग को जब्ती के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**डिप्टी रेंजर एरावत सिंह मधुकर** : कुछ लकड़ियां जब्त कर डिपो लाई गई हैं, लेकिन राखी नाला के पास डंप लकड़ियों की जानकारी नहीं है। उस पर राजस्व विभाग कार्रवाई करेगा।

**हरिभूमि के सीधे सवाल** : बिना अनुमति सैकड़ों पेड़ों की कटाई आखिर किसके संरक्षण में हुई? आदेश के बाद भी मुख्य लकड़ी जब्त क्यों नहीं हुई ? क्या विभाग जानबूझकर कार्रवाई में देरी कर रहा है ? पर्यावरण और राजस्व नुकसान की भरपाई कौन करेगा ?

# सिर्वे का खेल मैदान बना गौठान

- ग्रामीण युवाओं ने गांव की समस्याओं का खोला पिटारा
- कलेक्टर से शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ग्राम सिर्वे के युवाओं ने पंचायत की कार्यशैली के खिलाफ आवाज बुलंद की है। उन्होंने खेल मैदान में अव्यवस्था, शासकीय धन का दुरुपयोग, महिला सरपंच के अधिकारों का हनन आदि मुद्दों को लेकर कलेक्टर से शिकायत की है।

भखारा तहसील के ग्राम पंचायत सिर्वे के प्रेम साहू, पिंकेश्वर, हिमांशु, चंदन, अजय, विनय निर्मलकर ने कलेक्टर से मुलाकात कर कहा है कि गांव का खेल मैदान अव्यवस्थाओं का शिकार है। खेल मैदान की पिच गौठान बन गई है।

खेलकूद में असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। गांव के युवा खेल एवं शारीरिक गतिविधियों का लेकर जागरुक हैं। युवाओं ने मांग की है कि खेल मैदान का समतलीकरण, पशुओं के प्रवेश को रोकने मैदान का फेंसिंग घेरा, आर्मी-पुलिस आदि विभाग में भर्ती के लिए तैयारी करने मैदान को विकसित करने का आवेदन सौंपा है।

### विद्यालय परिसर के बीच नाली बनी मुसीबत

ग्राम सिर्वे के शासकीय विद्यालय परिसर के बीचोंबीच नाली का निर्माण कराया गया है जिससे विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में परेशानी हो रही है। नाली के कारण बच्चों के गिरने या चोटिल होने की संभावना बनी रहती है। युवाओं ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में कहा है कि छात्रों के समुचित एवं सुरक्षित विकास में बाधा बने नाली निर्माण की निष्पक्ष जांच कराने, बीचोंबीच बने नाली को हटाने, शासकीय मद का दुरुपयोग करने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

### फर्जी तरीके से राशि का आहरण

ग्राम पंचायत सिर्वे में शासकीय योजना अंतर्गत फर्जी तरीके से राशि का वितरण किया जा रहा है। पंचायत ने ऐसे व्यक्तियों के खाते में पैसा डाला है जो वास्तव में कोई कार्य नहीं करता है। कुछ मामलों में सरपंच ने अपने परिवारजनों एवं परिचित व्यक्तियों के खाते में अनुचित तरीके से राशि हस्तांतरित की है। फर्जी भुगतान की जांच, शासकीय राशि की वसूली तथा दोषियों पर वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई है।

### महिला सरपंच के अधिकारों का हनन

कलेक्टर को सौंपे गए एक अन्य आवेदन में युवाओं ने कहा है कि ग्रापं सिर्वे में महिला सरपंच चुनी गई हैं। उनके पति द्वारा पंचायत के निर्णय एवं कार्यों में हस्तक्षेप किया जा रहा है। महिला सरपंच के स्वतंत्र अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाते हुए सरपंच के अधिकारों की सुरक्षा तथा शासन के नियमों की अवहेलना पर कार्रवाई की मांग की है।

# मेनोनाईट स्कूल में सीबीएसई सीबीपी कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय सीबीएसई सीबीपी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य शिक्षकों के शिक्षण कौशल को बेहतर बनाना और उन्हें नवीनतम तकनीकों से लैस करना है।

इस प्रशिक्षण में रिसोर्स पर्सन आदर्श विद्यालय मोवा रायपुर की प्राचार्या श्रीमती सविता चतुर्वेदी एवं ब्रिलीयंट पब्लिक स्कूल जांजगीर चांपा की प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंग थी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 60 प्रशिक्षु शिक्षक सम्मिलित हुए। कुल 8 सेशन करवाए गए।

रिसोर्स पर्सन्स ने सभी प्रशिक्षु शिक्षकों को इंडक्शन प्रोग्राम ट्रेनिंग के विषय में जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम सीबीपी ट्रेनिंग की वेन्यू डायरेक्टर श्रीमती अनुपमा सिंह एवं शाला के प्राचार्य स्टीव लाल ने कहा कि विद्यालय में ऐसे प्रशिक्षण का आयोजन होना सम्मान का विषय है।

श्रीमती सोनाली सिंग एवं श्रीमती सविता चतुर्वेदी की उपस्थिति ने इस प्रशिक्षण को विशिष्ट प्रतिष्ठा प्रदान की। शाला प्रबंधन समिति के मैनेजर एमके मसीह ने आभार व्यक्त किया।

# कथा सुनने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है : अशोक शास्त्री

- प्राचीन श्रीराम मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच एवं युवा मंच के प्रयास से इतवारी बाजार स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रथम दिवस महिला मंच द्वारा अक्षय कलश यात्रा निकाली गई तथा परशुराम फरसा चौक में दीप प्रज्ज्वलित किए गए।

कथावाचक आचार्य पंडित अशोक शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। यह कथा मनुष्य को अपने कर्मों का बोध कराते हुए धर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने राजा परीक्षित की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि एक छोटी सी भूल भी जीवन की दिशा बदल सकती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आचरण में संयम रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय रहते ईश्वर की शरण में जाना ही जीवन को सार्थक बनाता है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा का श्रवण करते नजर आए। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए आयोजन समिति ने कथा का समय संध्या में रखा है तथा पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है।

कथा में युवा मंच के संरक्षक समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा, जिलाध्यक्ष राकेश दीवान, राजेंद्र श्रोती, भूपेंद्र मिश्रा, अशोक मिश्रा, विद्याशंकर दीवान, दीप शर्मा, देवेंद्र मिश्रा, नरेश श्रोती, दीपक शर्मा, नारायण दुबे, दीपक दुबे, विनोद पाण्डेय, अजय शर्मा, राकेश तिवारी सहित आयोजन समिति की बरखा शर्मा, विक्रांत शर्मा, पीयूष पांडेय, आयुषी पाण्डेय, अंकिता, ऐनी मिश्रा, रत्नेश मिश्रा, प्रतिमा पाण्डेय, सीमा चौबे, गौरी मिश्रा, हेमा दुबे, रितेश मिश्रा, सुरुज शर्मा, ननकू महाराज, निशांत शर्मा, झंकार शर्मा एवं ऋतु शर्मा सहयोग कर रहे हैं।

# ग्राम सचिव पर प्रशासन मेहरबान



- कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने की शिकायत
- सात दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत हथबंद सचिव के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने का मामला तूल पकड़ने लगा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में सरपंच तथा ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात कर सचिव को हटाने की मांग की है। सात दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

ग्राम पंचायत हथबंद के सरपंच रामप्रकाश साहू ने बताया कि ग्राम सचिव हीरालाल ठाकुर ने बिना किसी जानकारी के पंचायत मद से 20 हजार रुपये बिजली के नाम से निकाल लिया है।

इसकी शिकायत कलेक्टर से दो बार कर चुके हैं, लेकिन प्रशासनिक मेहरबानी से अब तक सचिव के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सात दिनो के भीतर कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान तिलकराम, इंद्रेश साहू, रविलाल, दीनदयाल, चेतनलाल आदि मौजूद थे।

# पहाड़ा अभ्यास पुस्तिका का कलेक्टर ने किया विमोचन



**धमतरी।** गणित में सफलता की मजबूत नींव पहाड़ा से ही रखी जाती है। इसी सोच को साकार करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल सामने आई है। तुमनचंद साहू एवं श्रीमती रंजीता साहू द्वारा तैयार की गई पहाड़ा अभ्यास पुस्तिका का विमोचन कलेक्टर अविनाश मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि इस प्रकार की पहल बच्चों की बुनियादी गणितीय समझ को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य भी उपस्थित थे।

यह पुस्तिका बच्चों को गणित के मूल आधार पहाड़ों को सरल, रोचक और प्रभावी तरीके से सिखाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, जिन बच्चों को पहाड़े अच्छी तरह याद होते हैं, वे गुणा, भाग एवं अन्य गणितीय संक्रियाओं को अधिक तेजी और सटीकता से हल कर पाते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। तुमनचंद ने बताया कि पारंपरिक तरीके से पहाड़े याद करने में बच्चों को बार-बार लिखना पड़ता है, जिससे वे बोरियत महसूस करते हैं। इस नई पुस्तिका में ऐसे सरल एवं आकर्षक तरीकों को शामिल किया गया है, जिनसे बच्चे कम समय में आसानी से पहाड़े सीख सकें।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने 24 को कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

नगर पंचायत भखारा क्षेत्र में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 24 अप्रैल को विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

कार्यशाला शुक्रवार 24 अप्रैल को दोपहर 11 बजे से वार्ड क्रमांक 15 स्थित खारुन नदी मंगल भवन में होगी। कार्यक्रम का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र धमतरी द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला में खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े कार्यों की

जानकारी दी जाएगी तथा इस क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाओं के बारे में महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। आयोजन समिति ने खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में रुचि रखने वाली सभी महिलाओं और स्व-सहायता समूहों से अपील की है कि वे इस शिविर का लाभ उठाएं। नगर पंचायत भखारा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने जारी सूचना में कहा है कि इस कार्यशाला के माध्यम से महिलाओं को रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सके ।

# बकली में बच्चों ने रचाया गुड्डे-गुड़ियों का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



ग्राम बकली की शिव पार्वती समिति के सहयोग से अक्षय तृतीया के अवसर पर गांव के बच्चों ने गुड्डे, गुड़ियों का विवाह रचाया। घर में मंडप बनाकर तेल, मायन, बारात आदि की रस्में भी निभाई।

इस विवाह में बच्चों ने खूब मजे किए और झूमते नाचते नजर आए। इस अवसर पर मूलचंद साहू, बिसरुराम, केजाबाई, दिनेश, डामिन, सानिया, खेमलाल, टिंकल, टुकेश, खुशबू, कौशिल्या, जीवन, शैलेन्द्री, उदेराम, राजकुमारी, फागेश, मोंगरा, रामबाई, दीपक (सरपंच), कोमल साहू, घनश्याम साहू, चूमेन्द्र साहू सहित अन्य ग्रामीण शामिल हुए।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### हर्षवर्धन ने 95.6 प्रतिशत अंक लाया



**धमतरी।** केंद्रीय विद्यालय लोहरसी में अध्ययनरत छात्र हर्षवर्धन साहू सीबीएसई बोर्ड की कक्षा दसवीं की परीक्षा में 95.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं परिजनों ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### महनदी एकेडमी का सीबीएसई परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा



**नगरी।** महानदी एकेडमी ने सीबीएसई परीक्षा परिणाम 2025-26 में शानदार प्रदर्शन किया। इस वर्ष कुमारी श्रेया जैन पिता मनोज जैन ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। यशस्वी साहू पिता तीरथराम 90.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय, अली विश्वा पिता चंद्रहास ने 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा सानिया कुंजाम पिता जलसुराम कुंजाम ने 85.2 प्रतिशत एवं गेविका साहू पिता मनोज कुमार साहू ने 84.8 प्रतिशत, लिशिका कोसमा पिता उमाकांत कोसमा ने भी 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के डायरेक्टर्स मोहन नाहटा, निकेश ठाकुर, अजय छाजेड़, अहमद राजा एवं शशांक सलाम ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

### स्वास्थ्य जांच व पोषण जागरूकता पर जोर



**बस्तर ।** महिला बाल विकास विभाग बस्तर के रोतमा सेक्टर के अंतर्गत ग्राम भैंसगांव के गुड़ीपारा आंगनबाड़ी केंद्र में सेक्टर सुपरवाइजर बुदयारीन भारती के मार्गदर्शन में 8वें पोषण पखवाड़ा का व्यापक आयोजन किया गया। यह राष्ट्रव्यापी अभियान मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक संचालित किया जा रहा है, जो स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार हेतु प्रतिबद्ध है। आंगनबाड़ी केंद्र में डॉ. महेंद्र साहू द्वारा महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा गर्भवती माताओं को खान-पान व पोषण को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुखदेई बघेल, मनकी भारती, रम्भावती कश्यप सहित बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान का उद्देश्य कुपोषण को खत्म करना, स्वस्थ खान-पान की आदतों को बढ़ावा देना और मातृ-शिशु पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना है।

# जनगणना 2027: डेटा संग्रहण के तरीके और तकनीकी पहलुओं पर दिया जा रहा प्रशिक्षण

- अधिकारियों ने निरीक्षण कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पालिका निगम द्वारा जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण कार्य तेज कर दिया गया है। इस प्रक्रिया को दो चरणों में संचालित किया जा रहा है। प्रथम चरण में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जबकि द्वितीय चरण का प्रशिक्षण वर्तमान में जारी है।

इसी क्रम में प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त ने रुद्री स्थित भोपाल राव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपस्थिति और व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अधिकारियों ने प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को फील्ड में कार्य करते समय सावधानी बरतने और सटीक



जानकारी संकलित करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम के एआरआई से समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर जोर दिया गया, ताकि जनगणना कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना की प्रक्रिया, डेटा संग्रहण के तरीके और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया को भी युद्ध स्तर पर लागू करने की तैयारी की जा रही है, जिससे आम नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकें।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। इसके लिए प्रशिक्षित कर्मियों की भूमिका अहम होती है। प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के लिए तैयार किया जा रहा है, ताकि जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके।

### प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर ली प्रेसवार्ता

# लोकतंत्र की मजबूती तभी जब महिलाओं को बराबरी का अवसर मिले : विभा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम विषय पर प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी, पूर्व महापौर श्रीमती अर्चना चौबे एवं जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए इसे महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।




वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है, जब महिलाओं को नीति-निर्माण में बराबरी का अवसर मिले। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व प्रदान कर उन्हें निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर देगा। श्रीमती विभा अवस्थी ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों को सुनिश्चित करने का माध्यम है। श्रीमती अर्चना चौबे ने कहा कि यह कानून महिलाओं को गांव से लेकर संसद तक नेतृत्व प्रदर्शित करने का अवसर देगा। जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने इसे नए राजनीतिक युग की शुरुआत बताया।

प्रेसवार्ता में बताया गया कि वर्ष 1996 से लंबित महिला आरक्षण का मुद्दा अब साकार हुआ है। पंचायत स्तर पर मिले आरक्षण के सकारात्मक परिणामों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि अब राष्ट्रीय स्तर पर भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश शर्मा, महामंत्री राकेश साहू, महेंद्र पंडित, कोषाध्यक्ष चेतन हिंदुजा, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, निगम सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन, महामंत्री प्रियंका सिन्हा, सुशीला तिवारी, पूजा कुंजाम, टिकेश्वरी साहू, गंगरेल मंडल अध्यक्ष पवित्र दीवान, जिला कार्यालय मंत्री विजय साहू, मीडिया प्रभारी उमेश साहू, राजीव सिन्हा, महेंद्र खंडेलवाल, जितेश सिन्हा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शुभांक मिश्रा, राघवेन्द्र साहू, मिश्रीलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। आभार व्यक्त महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता यादव ने किया।

# शिव मंदिर से जल कलश की चोरी करने वाला गिरफ्तार



- त्वरित कार्रवाई के लिए वार्डवासियों ने सीएसपी का आभार माना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लालबगीचा वार्ड स्थित प्राचीन शिव मंदिर से भगवान भोलेनाथ के पवित्र जल कलश की चोरी हो गई थी। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी चोर को गिरफ्तार कर लिया।

मंदिर समिति एवं वार्डवासियों ने घटना की शिकायत सिटी कोतवाली थाना में दर्ज कराई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सिटी एसपी अभिषेक के निर्देशन में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर आरोपी चोर को गिरफ्तार कर लिया तथा भगवान शिवजी का पवित्र जल कलश सुरक्षित बरामद कर पुनः मंदिर समिति को सौंप दिया। इस त्वरित कार्रवाई के लिए महिला समिति, वार्डवासी, लालबगीचा वार्ड पार्षद हिमानी भगवत साहू ने सिटी एसपी अभिषेक एवं उनकी पूरी पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

# निगम की विशेष बैठक में हंगामे के आसार

- भाजपा पार्षदों द्वारा निंदा प्रस्ताव लाने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पालिक निगम में 24 अप्रैल को विशेष सामान्य सभा की बैठक आयोजित होने जा रही है, जिसमें महिला आरक्षण विषय पर चर्चा और संकल्प पारित किया जाएगा। बैठक को लेकर राजनीतिक माहौल गरमाने के संकेत मिल रहे हैं और दोनों पक्षों के बीच हंगामे की संभावना जताई जा रही है।

गौरतलब है कि 20 मार्च को हुई सामान्य सभा की बैठक भी काफी हंगामेदार रही, जिसमें बजट सहित कई मुद्दों पर तीखी बहस हुई थी। अब एक माह के भीतर बुलाई गई इस विशेष बैठक में भाजपा पार्षदों द्वारा निंदा प्रस्ताव लाए जाने की संभावना है, जबकि कांग्रेसी पार्षद भी अपने पक्ष को मजबूती से रखने की तैयारी में हैं।

निगम प्रशासन द्वारा जारी पत्र के अनुसार यह बैठक दोपहर 12 बजे निगम कार्यालय में होगी, जिसमें महिलाओं के सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर जनजागरूकता अभियान पर चर्चा की जाएगी।

इधर, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने बैठक के एजेंडे पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर में पानी और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत समस्याएं बनी हुई हैं, जिन पर प्राथमिकता से चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सभी कांग्रेसी पार्षद बैठक में शामिल होकर इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे।

# वार्डों में बंद पड़े ट्यूबवेल और पब्लिक टैप कनेक्शन की जानकारी विभाग को दें

- जल विभाग के सभापति ने ली पंप ऑपरेटरों की बैठक, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम के जल विभाग में सभापति अखिलेश सोनकर द्वारा पंप ऑपरेटरों की बैठक ली गई। बैठक में शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ऑपरेटरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



सभापति ने कहा कि जिस वार्ड में पंप चालू किया जा रहा है, वहां पंप स्टार्ट करने के बाद कम से कम 5 मिनट तक रुककर यह सुनिश्चित करें कि पानी की सप्लाई सही ढंग से हो रही है या नहीं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि वार्डों में बंद पड़े या उपयोग में नहीं आ रहे ट्यूबवेल और पब्लिक टैप कनेक्शन की जानकारी संकलित कर विभाग को अवगत कराया जाए।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन क्षेत्रों में नए मकान निर्माण या पुराने मकानों का डिस्मेंटल कार्य चल रहा है, वहां पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की संभावना रहती है। ऐसे मामलों में यदि कहीं पाइपलाइन टूटती है, तो उसकी सूचना तत्काल विभाग को दी जाए, ताकि समय रहते सुधार कार्य किया जा सके।

बैठक में सभी पंपों को निर्धारित समय पर चालू और बंद करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे जल आपूर्ति में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इसके अलावा पंप ऑपरेटरों की समस्याएं भी गंभीरता से सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जल विभाग के लिपिक दिनेश शर्मा, इंजीनियर लोमस देवांगन, पंचराम सिंह, मंगलू निर्मलकर, विकास कोल एवं खगेश यादव उपस्थित थे। वहीं कुछ ऑपरेटर बैठक में अनुपस्थित पाए गए।

# चांदी के ऐतिहासिक सिक्के और नकदी पार

- करेलीबड़ी में सूने मकान का ताला टूटा, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

करेलीबड़ी में एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया है। घटना 17 अप्रैल की मध्यरात्रि शाम साढ़े 6 बजे से और 18 अप्रैल की शाम 5 बजे की बताई जा रही है। प्रार्थिया श्रीमती सुरुज बाई साहू उम्र 82 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05 पटेल पारा करेलीबड़ी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे अपने स्वास्थ्य खराब होने के कारण पिछले 3 माह से अपनी बड़ी बेटी के पास गोबरा नवापारा में रह रही थीं। घर की देखरेख उनके भतीजे युवराज साहू द्वारा बीचबीच में की जा रही थी। 18 अप्रैल की रात 7 से 8 बजे के बीच भतीजे ने फोन पर सूचना दी कि घर के मुख्य दरवाजे और कमरों का ताला टूटा हुआ है। जब प्रार्थिया ने अपने छोटे दामाद के साथ घर पहुंचकर जांच की, तो इलमारियों के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने कीमती सामान की चोरी की है।

चोरों ने वर्ष 1960 के पूर्व के 51 नग चांदी के सिक्के (राजा-महाराजा के चित्र वाले), जिनका वजन लगभग 612 ग्राम है, की चोरी की है। 12 नग सोने की कंठी



माला (वजन लगभग 42 ग्राम), एक सोने का मंगलसूत्र (1 लॉकेट और 10 नग गेहूंदाना युक्त, वर्ष 2010 की खरीदी)। बच्चों के चांदी के 4 नग करधन और 10 नग चांदी की चूड़ियां चोरी की गई। इसके अलावा आलमारी में रखे लगभग 40,000 रुपये (500 और 200 के नोट) चोरी हुए। कुल 73,770 रुपये की चोरी हुई है। हालांकि ऐतिहासिक सिक्कों और वर्तमान बाजार भाव के अनुसार यह राशि काफी अधिक हो सकती है।

प्रार्थिया की शिकायत पर चौकी करेलीबड़ी पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।करेली बड़ी में लगातार चोरी की घटना घट रही है। इससे पूर्व यहां कांसा बर्तन की भी चोरी हो चुका हैं। पुलिस द्वारा ठोस कार्यवाहीं नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। करेली बड़ी चौकी प्रभारी राधेश्याम बंजारे ने बताया कि विवेचना में लेकर कार्रवाई की जा रही हैं।

# मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 41 केंद्रों में होगी 26 को

- अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले वस्त्र पहनकर आने पर मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा छग राज्य कृषि विपणन (मंडी) उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन 26 अप्रैल को किया जाएगा। धमतरी जिले में यह परीक्षा कुल 41 केंद्रों में प्रातः 10 बजे से 12:15 बजे तक होगी। परीक्षा के सुचारू एवं पारदर्शी संचालन हेतु मंडल द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र का अवलोकन अवश्य कर लें, जिससे परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 2 घंटे पूर्व केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा, ताकि उनकी फिस्किंग (सुरक्षा जांच) एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व ही केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले वस्त्र पहनकर आने को कहा गया है। काले, गहरे नीले, हरे, जामुनी, मैरून एवं गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े प्रतिबंधित रहेंगे। धार्मिक एवं सांस्कृतिक परिधान पहनने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच हेतु निर्धारित समय से पहले पहुंचना होगा। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल की अनुमति होगी, आभूषण पहनना वर्जित रहेगा।

# गर्मी का कहर, स्कूटी में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

किले के श्री राम मंदिर के पास अचानक स्कूटी में आग लग गई। आग लगने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आग को बुझाने के लिए आसपास के लोग दौड़े। पानी, रेत की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, लेकिन स्कूटी 50 प्रतिशत जल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भोयना निवासी भारत साहू ग्राम धमतरी आए थे। वे अपनी स्कूटी को रखकर इतवारी बाजार में सामान खरीदने के लिए गए थे। लौटने के बाद गाड़ी में किक मारी। उधर अचानक गाड़ी से धुआं निकलने लगा। आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।



### कुरूद के बायर लर्निंग सेंटर में हुआ फील्ड डे का आयोजन

# किसानों ने सीखी कीटनाशकों के बेहतर उपयोग की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

किसानों को कम खर्च पर बेहतर ढंग से कीट नियंत्रण का उपाय सिखाने के लिए क्रॉप लाइफ इंडिया के सहयोग से बायर क्रॉप साइंस ने अपने बायर लर्निंग सेंटर में एक फील्ड डे का आयोजन किया। इस फील्ड डे में किसानों को खेती की विभिन्न पद्धतियों और कीटनाशकों के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग की तकनीक बताई गई।

गलत दवाइयों के चयन, छिड़काव में गलती, स्प्रेयर की सफाई में लापरवाही जैसे कई कारणों से किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। कई बार तो फसल ही खराब हो जाती है। इस प्रकार की लगातार आ रही शिकायतों को देखते हुए बायर क्रॉप साइंस ने क्रॉप लाइफ इंडिया के सहयोग से किसानों के लिए फील्ड डे का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक किसान एक साथ आए और खेती का अनुभव, तकनीक साझा किया। फील्ड प्रदर्शन किसानों के साथ जुड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। यह कार्यक्रम कुरूद स्थित बायर लर्निंग सेंटर में आयोजित था, जिसमें कृषि विशेषज्ञों ने विकसित कृषि पद्धतियों ने कृषि प्रबंधन और टिकाऊ खेती के व्यावहारिक दृष्टिकोणों को प्रदर्शित किया।



हर कीटनाशक, कृषि दवा एवं अन्य प्रोडक्ट में सुरक्षा, उपयोग, अवशेषों के निबटान सहित अन्य प्रकार के निर्देश लिखे होते हैं। अधिकांश किसान इस लीफलेट को पढ़ते ही नहीं और दवाओं का मनमाने ढंग से उपयोग करते हैं। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि किसानों की यह आदत उनके लिए काफी नुकसानदेह साबित हो सकती है। उन्होंने किसानों के साथ फसल सुरक्षा उत्पादों के सुरक्षित उपयोग, पीपीई के उपयोग, लेबल और लीफलेट का पालन, सही खुराक और प्रयोग का समय, स्प्रे उपकरणों के रखरखाव और खाली कंटेनरों का जिम्मेदारी पूर्वक निपटान जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर टिप्स दिए। इस कार्यक्रम में कृषि सहायक निदेशक श्रीमती योगिता चंद्रकार, दुर्गेशचंद्र शर्मा, डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. सुशील पांडे, सुश्री निधि डावर, विवेकानंद गुप्ता, बायर क्रॉप साइंस के डॉ. मणिकांत चेन्नामसेट्टी और डॉ. कार्तिक रायपति उपस्थित थे।








